इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 164

30 नवम्बर, 2015 को उत्तर के लिए

नए इस्पात संयंत्र

164. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:

श्री पी. नागराजन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश सहित देश में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में नए इस्पात संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संयंत्र-वार तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) नए संयंत्रों को समय पर आरम्भ करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधादाता तक सीमित है। नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना से संबंधित निर्णय संबंधित कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक सोच विचार, बाजार गतिशीलता और परियोजनाओं की तकनीकी आर्थिक व्यवाहर्यता के आधार पर लिए जाते हैं।

सरकार अनवरत आधार पर आवधिक समीक्षा और परियोजना निगरानी समूह तथा अन्तरमंत्रालयीन समूह के जरिए इस्पात परियोजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन को सुविधा प्रदान करती है।

***